# बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

## 13 मार्च, 2025

----

[**कृषि - राजस्व एवं भूमि सुधार - पशु एवं मत्स्य संसाधन - लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता** ].

**कुल तारांकित प्रश्न 109**

----

### नल-जल योजना का लाभ

*1019 **श्रीमती मंजु अग्रवाल (226) (शेरघाटी):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः- 1. क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड-शेरघाटी के पंचायत-कचौड़ी के वार्ड-16 भुसभुसिया के महादलित टोला टिलूटांड में पिछले एक वर्ष से नल-जल योजना का मोटर जल चूका है और विभाग द्वारा निकालकर ले गया है परन्तु अभीतक नया मोटर स्थापित नहीं करने से योजना के लाभ से ग्रामीण वंचित हैं तथा पाइप लाइन भी पुरी तरह से क्षतिग्रत हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार वंचित ग्रामीणों को कबतक मोटर लगाकर एवं पाईप की मरम्मतीकरण कराकर उक्त योजना का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

### कार्रवाई करना

*1020 **श्री मुकेश कुमार यादव (27) (बाजपट्टी):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत अंचलों में 40 हजार से अधिक जमीन का दाखिल खारिज,परिजन से संबंधित मामला लम्बित है तथा परिहार एवं डुमरा अंचल में 2020-21 का 200 से अधिक मामला लम्बित है यदि हॉ तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुए उक्त जिला के अंचलो में ससमय दाखिल खारिज भवदीय परिमार्जन करानेका विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## मछली हाट भवन का निर्माण

*1021 **श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता** (20) (**चिरैया**):

**पशु एवं मत्स्य संसाधन** क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि राज्य में मत्स्य पलकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने हेतु "मुख्यमंत्री मत्स्य बाजार निर्माण योजना"के तहत मछली हाट के भवन का निर्माण नहीं होने के कारण मत्स्य विक्रेता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित मछली हाट में कब तक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है नहीं तो क्यों ?

----

## कालाबाजारी रोकना

*1022 **श्रीमती शालिनी मिश्रा** (15) (**केसरिया**):

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1.क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत केसरिया एवं संग्रामपुर प्रखंड में सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया, ढाई, पोटास, रासायनिक खाद्य बेची एवं काला बाजारी की जा रही है,साथ ही सरकारी अनुदान पर किसानों को मिलने वाले मक्का के बीज की गुणवता सही नहीं रहने के कारण उपज दर में भी कमी आई है; यदि हाँ,तो सरकार उक्त प्रखंडो में हो रहे रसायनिक पदार्थो की काला बाजारी रोकने एवं नकली गुणवत्ताहीन बीज की जाँच कराने की विचार रखती है ?

----

## विकसित करना

*1023 **श्री समीर कुमार महासेठ** (36) (**मधुबनी**):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि वर्ष 2021 में मधुबनी नगर परिषद को नगर निगम का दर्जा दिया जा चुका है परंतु मधुबनी शहर के विस्तारीकरण हेतु ग्रेटर मधुबनी के रूप में विकसित किये जाने हेतु कोई दीर्घकालीन मास्टर प्लान तैयार नहीं किया गया है, जिसके

कारण नगर क्षेत्र का विस्तार नहीं हो पा रहा है, यदि हां, तो सरकार कबतक मधुबनी नगर निगम के चारो तरफ सटे क्षेत्र को ग्रेटर मधुबनी के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नाला का निर्माण

*1024 **श्रीमती रेखा देवी** (189) (**मसौढ़ी** ):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी नगर परिषद मसौढ़ी के रजिस्ट्री ऑफिस से संत मैरी स्कूल होते हुए मणीचक तालाब तक सड़क जर्जर स्थिति में है एवं जल जमाव की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजनो को आवागमन में काफी कठिनाई होती है,यदि हां ,तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पथो को पी0सी0सी0 कराते हुए नाला निर्माण कराने पर विचार रखती है, हाँ तो कब तक,नही तो क्यों ?

----

## जाँच कराना

*1025 **श्री मिथिलेश कुमार** (28) (**सीतामढ़ी**):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलामुख्यालय नगर निगम द्वारा सासाराम, मधुबनी, समस्तीपुर, बेतिया आदि नगर निगम कि तुलना में अधिक होल्डिंग प्रॉपर्टी /टैक्स की वसूली की जाती है जिससे नगर वासियों को आधिक क्षति होती है,यदि हाँ,तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराते हुये एकरूपता करने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों?

----

## पेयजल उपलब्ध कराना

*1026 **श्री राकेश कुमार रौशन** (174) (**इस्लामपुर, नालन्दा** ):

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखण्ड के मुजफ्रा पंचायत के वार्ड सं0-10,11 एवं 12 तथा संडा पंचायत के वार्ड नं0-2, 8 एवं 10 में संवेदक द्वारा नल जल योजना में मानक के अनुरूप बोरिंग, सप्लाई पाईप नहीं बिछाये जाने के कारण एवं हर-घर को कनेक्शन नहीं देने से पेय जल आपूर्ति बाधित है; यदि हाँ ,तो सरकार उक्त वार्डो के सभी घर तक पेय-जल उपलब्ध कराने के लिए कौन-सी कार्रवाई कबतक करना

चाहती है; नहीं तो क्यों?

----

## परिमार्जन करना

***1027 Shri. Akhtarul Iman (56) (Amour):**

**Revenue & Land Reforms** क्या मंत्री, राजस्व एवं भुमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला अन्तर्गत बैसा प्रखंड के मौजा-ननदनिया का रजिस्टर-02 फटा होने के कारण लोगों को परिमार्जन + आवेदन करने में बडी-कठिनाई हो रही है, तथा इस संबंध में रैयतों द्वारा बार-बार अंचल अधिकारी बैसा से शिकायत करने पर भी इसका समाधान नही हो सका है, यदि हाँ तो सरकार लोगो को परिमार्जन + आवेदन में हो रही असुविधा को दूर करने का विचार रखती है, नही तो क्यों?

----

## स्थाई कूड़ा डंपिंग बनाना

***1028 श्री राजेश कुमार गुप्ता (208) (सासाराम ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि:-

1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर निगम क्षेत्र में एक भी स्थाई कुड़ा डम्पिंग स्थल नहीं रहने के करण नगर में चारो तरफ गंदगी का अम्बार लगा रहता है, जिससे आमजनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नगर निगम क्षेत्र में जमीन का अधिगहण कर एक स्थाई कूड़ा डंपिंग बनाने का विचार रखती है, नही तो क्यों ?

----

## मानदेय भुगतान करना

***1029 Dr. Ramanuj Prasad (122) (Sonepur ):**

**Animal & Fisheries Resource** क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि देश के अन्य राज्यों में पशु मैत्री/टीकाकर्मी का मासिक मानदेय यथाः- झारखंड एवं उत्तराखंड में 6000 रुपये है जबकि बिहार में उक्त राज्यों के अनुरुप मासिक मानदेय नहीं दिये जाने के कारण प्रदेश के पशु मैत्री/टीकाकर्मी 23.10.2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने से पशुओं को टीकाकरण एव उनसे संबंधित अन्य कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हां तो क्या सरकार अन्य राज्यों की भांति बिहार के पशु मैत्री/टीकाकर्मी को मासिक मानदेय देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क निर्माण कराना

*1030 Shri. Umakant Singh (07) (Chanpatia):

Urban Development & Housing क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत चनपटिया नगर पंचायत के टिकुलिया-घोघा मुख्य सड़क से पकडीहार शुक्ल टोला वार्ड संख्या -14 तक जाने वाली सड़क जर्जर अवस्था में है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है 2. क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण हेतु मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत चयनित है,3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कब तक उक्त सड़क का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पेयजल आपूर्ति कराना

*1031 Shri. Ranvijay Sahu (135) (Morwa ):

Public Health & Engineering क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत ताजपुर नगर परिषद के वार्ड नं0-7 में वर्ष 1975 में विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति हेतु जल मीनार का निर्माण कराया गया था,

2. क्या यह बात सहीं है कि 75 वर्षो के बाद भी पाईप लाईन और जल संचयन के आधारभूत संरचना के निर्माण नहीं कराया गया। जिससे उस क्षेत्र की जनता को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है और जल मीनार पर व्यय की गई राशि का कोई लाभ जनता को प्राप्त नहीं हुआ है,

3. यदि उपर्युक्त खंडो का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार जलमीनार के निर्माण के 75 वर्षो के बाद भी जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है?

----

## सीवरेज ट्रीटमेंट सिस्टम का निर्माण

*1032 Shri. Vijay Kumar Khemka (62) (Purnia):

Urban Development & Housing क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णिया ढ़ाई सौ साल पुराना जिला हैं जहाँ 50 हजार से अधिक घर तथा चार लाख की शहरी आबादी है; परन्तु शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट (एस0टी0पी0) सिस्टम नही रहने से क्षेत्र की स्थिति नारकीय बनी रहती है; यदि हाँ तो सरकार शहरवासी की सुविधा हेतु शहर में कबतक सीवरेज ट्रीटमेंट सिस्टम बनाने का

विचार रखती है, नहीं, तो क्यो?

----

## भूमि उपलब्ध कराना

*1033 **श्री राजेश कुमार (222) (कुटुम्बा ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के देव, कुटुम्बा एवं नबीनगर प्रखंड में कल्याण विभाग के द्वारा छात्रावास निर्माण होना है, परन्तु अभी तक विभाग द्वारा भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई है,यदि हाँ,तो सरकार देव, कुटुम्बा एवं नबीनगर में कब तक भूमि छात्रावास निर्माण के लिए उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

*1034 **श्रीमती कविता देवी (69) (कोरहा):**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण** क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा एवं फलका प्रखंड में लगभग 20 प्रतिशत उपभोक्ता जन वितरण प्रणाली के दुकान से खाद्यान लेने से वंचित है, जबकि उपभोक्ताओं द्वारा के.वाई.सी. कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने के साथ ही उक्त दोनों प्रखण्डों में वंचित उपभोक्ताओं को खाद्यान उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भुगतान करना

*1035 Shri. Shamim Ahmad (12) (Narkatiya):

Agriculture क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि पूरे पूर्वी चम्पारण सहित बिहार के किसानों को बाढ़ एवं अत्यधिक वर्षा के कारण खरीफ फसल नष्ट होने पर कृषि इनपुट देने का प्रावधान है;

2. क्या यह बात सही है कि वर्ष 2024 के बाढ़ एवं अत्यधिक वर्षा से नष्ट हुए खरीफ फसल का कृषि इनपुट का आवेदन ऑफलाइन एवं ऑनलाइन लिया गया था;

3. क्या यह बात सही है कि ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानो को भुगतान किया जा चुका है, परन्तु ऑफलाइन आवेदन करने वाले किसानो को अबतक भुगतान नहीं किया गया है; 4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है,तो सरकार ऑफलाइन आवेदन करने वाले किसानो को भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## राशन कार्ड बनवाना

***1036 श्री मुरारी मोहन झा (86) (केवटी):**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण** क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी विधानसभा क्षेत्र के केवटी एवं सिंघवाड़ा प्रखंड के सैंकड़ों लोगो का राशन कार्ड को रद्द कर दिया गया हैं,
2. क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के गरीब राशन कार्ड बनाने हेतु दुबारा ऑनलाइन आवेदन करने में सक्षम नहीं है;
यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार केवटी विधानसभा क्षेत्र के सभी गाँव में कैंप लगाकर राशन कार्ड बनवाने का विचार रखती है, हाँ ,तो कबतक, नही, तो क्यों ?

----

## प्रशासक नियुक्त करना

***1037 श्री अजय कुमार (138) (बिभूतिपुर ):**

**सहकारिता** क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि सहकारिता विभाग, बिहार पटना का आदेश पत्रांक-65ML दिनांक-20.09.2024, कार्यालय निबंधक सहयोग समितियाँ बिहार, पटना का आदेश पत्रांक-6543 दिनांक 29.08.2024 एवं आदेश पत्रांक-10204 दिनांक-20.12.2024 द्वारा विभूतिपुर प्रखंड मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि० के प्रबंध समिति को अवक्रमित कर प्रशासक नियुक्त करने का आदेश निर्गत है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त संबंध में कार्यालय, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा, पत्रांक-521/स0स0, दरभंगा दिनांक-29.10.2024(3 म04/2024) के द्वारा भी जिला सहकारिता पदाधिकारी, समस्तीपुर को नियमानुकूल कार्रवाई करने हेतु पत्र निर्गत है, बावजूद अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रबंध समिति को अवक्रमित कर प्रशासक नियुक्त करने एवं दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## चापाकल लगाना

*1038 Shri. Arun Singh (213) (Karakat ):

**Public Health & Engineering** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत 213, काराकाट विधान सभा के प्रखण्ड-काराकाट, पंचायत-देव में ग्राम-देवमार्कण्डेय के पश्चिम एवं देनरी ग्राम के पूरब कृषि भूमि बहुत बड़े क्षेत्रफल में फैला है जहाँ खरीफ एवं रबी फसलों के जुताई, बुआई, कटाई के समय बड़े पैमाने पर किसानों एवं मजदूरों की उपस्थिति रहती है, तथा वहाँ शुद्ध पेयजल का घोर संकट रहता है; यदि हाँ तो सरकार उक्त क्षेत्र में पेयजल हेतु चापाकल

लगाने का विचार रखती है, नही तो क्यो ?

----

## पेयजल उपलब्ध कराना

***1039 श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (221) (नबीनगर ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि औरगांबाद जिला अन्तर्गत नवीनगर विधान सभा क्षेत्र के नवीनगर और बारूण प्रखंडों में पिछले 2 वर्षो से अप्रैल महीने से ही भूगर्भीय जल स्तर में गिरावट शुरू हो जाती है और चापाकल सूख जाते हैं, जिससे क्षेत्र की जनता को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता है, यदि हाँ,तो सरकार उपर्युक्त स्थानों पर समय से सर्वे कराकर नागरिकों को पेयजल की सुविधा बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यो ?

----

## भूमि अधिग्रहण करना

***1040 Shri. Jai Prakash Yadav (46) (Narpatganj):**

**Revenue & Land Reforms** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि ससमय भूमि अधिग्रहण का निपटान नहीं होने के कारण भागलपुर के बिहपुर से सुपौल के वीरपुर तक जाने वाला NH - 106 एवं खगड़िया से वाया मधेपुरा पूर्णिया को जोड़ने वाला NH - 107 पूर्ण रुपेण नहीं बन पाया है ; यदि हाँ तो सरकार उक्त पथ के लिए भूमि अधिग्रहण करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

***1041 Shri. Syed Ruknuddin Ahmad (57) (Baisi):**

**Agriculture** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला के बायसी विधान सभा क्षेत्र के प्रखण्ड डगरूआ एवं बायसी में वित्तीय वर्ष-2023-24 एवं 2024-25 में सरकार द्वारा किसानो को उपकरण एवं फसल क्षति के लिए दी जाने वाली शब्सीडी में किसान सलाहकार एवं कृषि पदाधिकारीयो के मिलीभगत से वित्तीय अनियमिता की गयी है,यदि , तो सरकार कबतक, इसकी जाँच कराते हुये दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## स्थानान्तरण कराना

***1042 श्री भीम कुमार सिंह (219) (गोह ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत अंचल कार्यालय गोह में लिपिक दीपक कुमार 10 वर्षों से तथा वरीय लिपिक सतेन्द्र कुमार 8 वर्षों से एक स्थान पर पदस्थापित है जबकि सरकार के नियमानुसार कोई भी कर्मचारी 3 वर्ष से अधिक पदस्थापित नही रह सकता है, यदि हाँ,तो सरकार उक्त प्रावधान के आलोक में इनका स्थानान्तरण करने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों?

----

## वर्षा जल का निःस्सरण

***1043 श्री अचमित ऋषिदेव (47) (रानीगंज, अररिया):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-1.क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नगर पंचायत रानीगंज में अतिरिक्त वर्षा जल निकासी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण जिससे रानीगंज बाजार में, स्टेट हाई वे-77, भरगामा मोड़ आदि स्थलों पर जल जमाव की समस्या बनी रहती है; यदि हाँ, तो सरकार नगर पंचायत रानीगंज में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम विकसित कर अतिरिक्त वर्षा जल का निःस्सरण फरियानी नदी में करने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

----

## पशु अस्पताल का निर्माण

***1044 Shri. Niranjan Kumar Mehta (71) (Bihariganj ):**

**Animal & Fisheries Resource** क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज विधान सभा क्षेत्र ग्वालपारा प्रखंड के पीरनगर पंचायत में पशु अस्पताल संचालित है पर उक्त पशु अस्पताल का अपना भवन नहीं होने के कारण पशुपालकों को काफी कठिनाई होती है, जबकि उक्त पंचायत में बिहार सरकार का खाता नं0-183 खेसरा नं-2012 (1 एकड़ 2 डिसमल) जमीन उपलब्ध है, यदि हां तो सरकार उक्त जमीन पर पशु अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पशु चिकित्सक का पदस्थापन

*1045 **श्री मनोहर प्रसाद सिंह** (67) (**मनिहारी**):

**पशु एवं मत्स्य संसाधन** क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड मुख्यालय स्थित पशु अस्पताल पशु चिकित्सक की पदस्थापना नहीं रहने से पशुओं का इलाज बंद है, यदि हाँ, तो सरकार पशु चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## साफ-सफाई करना

*1046 **श्री रामप्रवेश राय** (100) (**बरौली** ):

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भुमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या यह बात सही है कि राज्य में हाट-बजार, सैरातों से प्राप्त आय का 25 प्रतिशत संबंधित हाट-बजार, सैरात के विकास एवं जनोपयोगी कार्यों पर खर्च करने का प्रावधान है, यदि हाँ तो क्या सरकार गोपालगंज जिला के बरौली एवं मांझा प्रखंडाधीन हाट-बजार एवं सैरातों में स्वच्छ पेयजल, सड़क, बिजल, साफ-सफाई आदि जनोपयोगी कार्यों में प्राप्त राजस्व का 25 प्रतिशत खर्च कर उसे विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## बस स्टैंड का निर्माण कराना

*1047 Shri. Krishna Kumar Rishi (59) (Banmankhi):

**Urban Development & Housing** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी नगर परिषद् क्षेत्र में यात्रियों के आवागमन हेतु प्रतिदिन सैकड़ों बसों का परिचालन होता है, परन्तु बस स्टैंड के अभाव में यात्रियों एवं बस संचालको को कठिनाई होती है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त नगर परिषद् क्षेत्र में मुलभुत सुविधायुक्त बस स्टैंड का निर्माण कराने का विचार रखती है नहीं तो क्यों?

----

## बस स्टैंड का निर्माण कराना

*1048 **डॉ. आलोक रंजन** (75) (**सहरसा**):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने के कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला मुख्यालय में शहर के बीचों-

बीच बस स्टैंड रहने के कारण बाजार शहर में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके कारण आपातकालीन सेवाये सहित आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक शहर बाहर आधुनिक सुविधायुक्त बस स्टैंड का निर्माण कराने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों ?

----

## अतिक्रमण मुक्त कराना

***1049 श्री प्रेम शंकर प्रसाद** (99) (**बैकुंठपुर**)**:**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के मढ़ौरा प्रखंड अन्तर्गत सलीमापुर पंचायत के ग्राम-नेथुआ में गैरमजरूआ जमीन उपलब्ध है,जिसका थाना नं0-52, खाता नं0-84, सर्वे नं0-569 है जिसपर पंचायत सरकार भवन एवं खेल मैदान के लिए चयनित किया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन पर असमाजिक तत्वों द्वारा कब्जा कर खेती किया जा रहा है जिसपर ग्रामीणों द्वारा विगत 08 माह पूर्व में डी0सी0एल0आर0 एवं जिला पदाधिकारी, छपरा के यहाँ अतिक्रमण मुक्त करने हेतु आवेदन दिया गया है, परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## समस्या का निदान करना

***1050 श्रीमती स्वर्णा सिंह** (79) (**गौरा बौराम**)**:**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण** क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-1. क्या यह बात सही है कि राज्य के पात्र लोगों द्वारा नये राशन कार्ड हेतु आवेदन करने पर उपभोक्त संख्या तो प्राप्त हो जाता है, मगर ई-पॉस मशीन पर उनका नाम नही अद्यतन होने के कारण वे कई महीनों तक लाभान्वित नहीं हो पाते है, यदि उपर्युक्त खण्ड को उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इस समस्या का निदान करने की विचार रखती है, हाँ ,तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## गोकुल मिशन

***1051 श्री महा नंद सिंह** (214) (**अरवल** )**:**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन** क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को गोकुल मिशन के तहत पशुपालन विद्यालय, डुमराव में मैत्री प्रशिक्षण वर्ष 2023 से बंद है

एवं वहाँ के कर्मियों को वेतनादि का भुगतान बिना कार्य लिए किया जा रहा है, यदि हाँ तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुए उक्त प्रशिक्षण शुरू कराने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों ?

----

## पदस्थापन करना

*1052 Smt. Manorama Devi (232) (Belaganj ):

Revenue & Land Reforms क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत बेलागंज विधानसभा क्षेत्र की नगर अंचल चंदौती में कुल 33 हल्का है, जिसमें 16 ग्रामीण एवं 17 शहरी क्षेत्र हैं, जिसमे राजस्व कर्मचारी का कुल स्वीकृत पद 17 है, जिसके विरूद्ध मात्र पांच राजस्व कर्मचारी पद स्थापित हैं, जिसके कारण जमीनी विवाद, दाखिल खारिज, परिमार्जन एवं जमीन से संबंधित हजारों मामले लंबित है, यदि हाँ तो सरकार जनहित में नगर अंचल चंदौती में जमीन संबंधित लंबित हजारों मामले के निष्पादन हेतु राजस्व कर्मचारी के 17 स्वीकृत पदों पर शीघ्र पदस्थापन कब तक करने का विचार रखती है हाँ तो कब नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

*1053 Shri. Shyambabu Prasad Yadav (17) (Pipra, Purvi Champaran):

Co-operative क्या मंत्री, सहकारिता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के तेतरिया प्रखंड अंतर्गत सेमराहा पैक्स के तत्कालीन अध्यक्ष एवं प्रबंधक पर कार्रवाई हेतु निबंधक सहयोग समिति बिहार पटना के पत्रांक 9884 दिनांक 12 दिसंबर 2024 एवं बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के पत्रांक 1854 दिनांक 20 दिसंबर 2024 के द्वारा सेमराहा पैक्स अध्यक्ष एवं प्रबंधक पर कार्रवाई हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी मोतिहारी को निदेशित किया गया फिर भी कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ तो सरकार सेमराहा पैक्स के तत्कालीन अध्यक्ष एवं प्रबंधक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों?

----

## मत्स्य बीज का उत्पादन

*1054 **श्री राजवंशी महतो** (141) (**चेरिया बरियारपुर** ):

**पशु एवं मत्स्य संसाधन** क्या मंत्री,पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के 141 चेरियाबरियारपुर विधान सभा में बड़े पैमाने पर मछली का उत्पादन होता है, पर उक्त विधान सभा में मछली मत्स्य बीज

उत्पादन की कोई व्यवस्था नहीं रहने के कारण मछली पालकों को महंगें दर पर मछली का बीज खरीदना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार बेगुसराय जिला के 141 चेरियाबरियारपुर विधान सभा में कृषि फार्म पर मत्स्य बीज उत्पादन करने का विचार रखती है, नहीं तो  क्यों ?

----

## भुगतान करना

*1055 Shri. Suryakant Paswan (147) (Bakhri ):

**Public Health & Engineering** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत नल जल योजना अन्तर्गत बोरिंग की देखरेख और संचालन के लिए पंप संचालक एवं अनुरक्षक की बहाली की गयी है, जिसका बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ तो सरकार पंप संचालक या अनुरक्षक का बकाया मानदेय का भुगतान करने का कब तक विचार रखती है, नहीं तो क्यो ?

----

## फसल क्षतिपूर्ति की राशि देना

*1056 **डॉ. संजीव कुमार** (151) (**परबत्ता** ):

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि: - 1. क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के परबत्ता प्रखंड में अगस्त 2022 में आये आंधी तूफान से हजारों एकड़ में लगे फसल का नुकसान हुआ था, 2. क्या यह बात सही है कि फसल क्षतिपूर्ति की जांच होने के बाबजूद भी अभी तक  विभाग से मिलने वाली फसल क्षतिपूर्ति अनुदान की राशि लाभुकों  को नहीं मिली है,3. यदि उपर्युक्त खंडो  के उतर स्वीकारात्मक है,तो सरकार कब तक उक्त  किसानों को फसल क्षतिपूर्ति की राशि देने का विचार रखती है,नही, तो क्यों ?

----

## अतिक्रमणमुक्त कराना

*1057 Shri. Janak Singh (116) (Taraiya ):

**Revenue & Land Reforms** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत मशरक अंचल के ग्राम हनुमानगंज में राज्य उच्च पथ 90 हनुमानगंज से डोइला खोड़ीया तक सड़क का स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके  संबंध में यहाँ के लोगों द्वारा अतिक्रमणमुक्त कराने हेतु अंचल अधिकारी, मशरक को आवेदन दिया गया है जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़क को कबतक अतिक्रमणमुक्त कराने का

विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कचरा उठाव करवाना

*1058 Shri. Amar Kumar Paswan (91) (Bochahan ):

**Urban Development & Housing** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत बिहार के ग्रामीण इलाकों में साफ-सफाई और शौचालय की व्यवस्था की जाती हैं;
2. क्या यह बात सही है कि मुजफफरपुर जिला के बोचहाँ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड मुशहरी के ग्राम पंचायत माणिका हरिकेश, शेखपुर सहित अन्य सभी पंचायतो में लोहिया स्वच्छता मिशन के तहत हर-घर से सूखे एवं गीले कचरे का उठाव नहीं किया जाता है, जिससे जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा रहता है;
3.यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक जाँच कराते हुये उक्त पंचायतों में हर-घर से सूखे एवं गीले कचरे को उठवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पी०सी०सी० सड़क बनाना

*1059 **श्री कुमार सर्वजीत** (229) (**बोधगया** ):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत बोधगया नगर परिषद के वार्ड न0-03 सुर्यपुरा में गया-बोधगया रिभर साईड रोड से महावीर स्थान होते हुए बेलवा टांड मोड़ तक जाने वाली सड़क जर्जर रहने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है; यदि हाँ,तो सरकार कबतक उक्त पथ को पी०सी०सी० करने विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पेयजल पहुँचाना

*1060 **श्री पवन कुमार यादव** (155) (**कहलगांव** ):

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड के सन्हौला पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 8 ग्राम सन्हौला में लगभग 75 घरों में नल जल का पाईप नहीं बिछे होने के कारण एवं फाजिलपुर सकरामा पंचायत के ग्राम फाजिलपुर में लगभग 85 घरों में नल का जल नहीं पहुचने से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "हर

घर नल का जल" का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार पेयजल से वंचित उक्त इलाके के घरों तक पेयजल पहुंचाने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## वासगीत पर्चा देना

*1061 **श्री दिलीप राय** (26) (**सुरसंड**):

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रुन्नीसैदपुर प्रखण्ड के प्रेमनगर पंचायत में खाता नं०- 2341, खेसरा नं0 230/11566, रकवा 3 डीसमिल बिहार सरकार की जमीन पर भूमिहीन परिवार वास कर रहे है, इसके वासगीत पर्चा निर्गमन का मामला डी० सी० एल० आर० कार्यालय के स्तर पर लंबित है; यदि हाँ तो सरकार उक्त जमीन पर बसे भूमिहीन परिवारों को जमीन का वासगीत पर्चा कब तक देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भूमि का रसीद देना

*1062 **श्री अजीत कुमार सिंह** (201) (**डुमरांव** ):

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1. क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के केसठ अंचल के वाद संख्या 07/14-15 के तहत मौजा दंगौली थाना संख्या- 457 चक खाता- 55क, चक खेसरा संख्या-15, में 29 भूमिहीनों को भूमि का पर्चा आवंटित किया गया है जिनके द्वारा बार-बार आवेदन करने के बावजूद भी अंचल अधिकारी केसठ द्वारा परिमार्जन कर लगान रशीद नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण भूमिहीनों को लगान रसीद के आभाव में आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पर्चाधारियों के भूमि का परिमार्जन कर लगान रसीद देने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों ?

----

## अतिक्रमणमुक्त कराना

*1063 Smt. Nitu Kumari (236) (Hisua ):

**Revenue & Land Reforms** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढौरा प्रखंड के ग्राम पंचायत सलीमापुर अंतर्गत थाना नं०-54, खाता सं० -210, खेसरा/सर्वे सं० -198 रकबा-10 कट्ठा, 15 धुर पर सरकारी बाजार लगता है, जिसपर स्थानीय दबंगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके विरूद्ध वहाँ के मुखिया द्वारा अंचलाधिकारी, मढौरा को आवेदन देने के बावजूद जमीन अतिक्रमणमुक्त नहीं हुआ है, यदि हाँ तो सरकार उक्त जमीन को अतिक्रमणमुक्त

कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## भवन निर्माण कराना

*1064 Shri. Kumar Krishna Mohan urf Suday Yadav (216) (Jehanabad):

**Urban Development & Housing** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला मुख्यालय नगर परिषद् क्षेत्र में जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद भी सम्राट अशोक भवन का निर्माण अब तक नही हो सका है, जिससे आम जनता को कठिनाई होती है; यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त नगर परिषद् क्षेत्र में सम्राट अशोक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

*1065 **श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह** (194) (**आरा**):

**पशु एवं मत्स्य संसाधन** स्थानीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 29.12.2024 को प्रकाशित शीषर्क " तीन लाख घोड़परास (नीलगाय) बिहार के 34 जिलों में मचा रहे तबाही" के आलोक में क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य के 34 जिलों में तीन लाख से अधिक घोड़परासों (नीलगाय) द्वारा फसल का नुकसान किये जाने के कारण किसान परेशान है; यदि हाँ तो सरकार इसकी रोकथाम हेतु कौन सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## नल जल योजना चालू कराना

*1066 **श्री अजय यादव** (233) (**अतरी**):

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखण्ड खिजरसराय के ग्राम पं0 कुतलूपुर के ग्राम तरका वार्ड न0-13 में नल-जल योजना के तहत बोरिंग एवं पानी का टंकी स्थापित किया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में बोरिंग एवं पानी टंकी स्थापित करने के अलावा आजतक कोई कार्य नहीं कराया गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को नल-जल योजना के तहत पानी नही मिल पा रहा है और काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

3. यदि उपर्युक्त खण्डो का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त वार्ड में पाईप

लगाकर कर नल-जल योजना चालू करने का विचार रखती है हाँ तो कबतक नही, तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण कराना

*1067 **श्री इजहारूल हुसैन** (54) (**किशनगंज**):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला मुख्यालय नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं0-01 में इमलीगोला चौक से एफ0सी0आई0 गोडाउन होते हुए किशनगंज-ठाकुरगंज पी0डब्लु0डी0 रोड़ तक जर्जर सड़क रहने के कारण आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## वेतन का भुगतान

*1068 **श्री शम्भू नाथ यादव** (199) (**ब्रह्मपुर** ):

**सहकारिता** क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में 8463 पैक्सों में दशकों से प्रबंधक कार्य करते है, जिसका वेतन सहकारिता विभाग से न देकर पैक्स के लाभांश वेतन भुगतान की व्यवस्था की गई है जिसके करण ससमय वेतन का भुगतान नहीं हो पाता है, यदि हाँ,तो सरकार राजय में 8463 पैक्सों में कार्यरत प्रबंधको को सहकारिता विभाग से वेतन देने का विचार रखती है, नही तो क्यों?

----

## पानी की सप्लाई कराना

*1069 **Shri. Haribhushan Thakur "Bachol"** (35) (**Bisfi**):

**Public Health & Engineering** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंड अन्तर्गत ककरौल चौक पर विभाग द्वारा समरसेबुल पम्प का अधिस्थापन विगत् दो माह पूर्व किया गया था,परन्तु अभी तक उससे पानी की सप्लाई नहीं की गई है, यदि हाँ तो सरकार उक्त समरसेबुल पम्प से पानी की सप्लाई शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पेयजल आपूर्ति कराना

*1070 Shri. Ashok Kumar Singh (203) (Ramgarh, Kaimur ):

Public Health & Engineering क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें की:-1. क्या यह बात सही है की कैमूर जिलान्तर्गत रामगढ नगर पंचायत में विभाग द्वारा दिनांक 29.11.2004 को जल मीनार का निर्माण कराया गया था, परन्तु उक्त जल मीनार का जल आपूर्ति पाइप लाइन ध्वस्त हो जाने के कारण नगरवासियों को शुद्ध पेय जल आपूर्ति नहीं हो पा रहा हैं जिससे नगरवासी परेशान हैं, यदि हाँ तो सरकार नया जल आपूर्ति पाइप लाइन बिछाकर शुद्ध पेय जल आपूर्ति करने का विचार रखती हैं, नहीं तो क्यों ?

----

## मानदेय भुगतान करना

*1071 **डॉ. निक्की हेम्ब्रम** (162) (**कटोरिया**):

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि बांका जिले के कटोरिया एवं बौंसी प्रखंड के पंचायतों में नल जल योजना के पंप संचालको के लिय मानदेय का कोई स्पष्ट दिशा निर्देश नहीं है, जिससे पंप संचालको को मानदेय नही मिल रहा है तथा नल जल योजना में लगे उपकरणों के रख रखाव के लिए राशि का आबंटन नही होने से दोनो प्रखंडों के पंचायतों में उपरकरण मरम्मती के अभाव में जलापूर्ति ठप्प है, यदि हाँ, तो सरकार कटोरिया एवं बौंसी प्रखंड के पंप संचालको के मानदेय भुगतान के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश तथा उपकरणों के रख रखाव के लिये राशि आबंटन का विचार रखती है,नहीं, तो क्यों?

----

## कार्रवाई करना

*1072 Shri. Ram Vishun Singh (197) (Jagdishpur):

Urban Development & Housing क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत जगदीशपुर नगर पंचायत में वित्तीय वर्ष 2015-16 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक बिना कार्य कराये पंचायत कार्यपालक पदाधिकारियों एवं मुख्य पार्षदो के मिलिभगत से 50 करोड़ से अधिक सरकारी राशि की निकासी वित्तीय अनियमितता की गयी है; यदि हाँ तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराते हुये दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## आधुनिक पार्क का निर्माण

*1073 **श्रीमती रश्मि वर्मा** (3) (**नरकटियागंज**):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एंव आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत 50 हजार की आबादी वाली नरकटियागंज अनुमंडल मुख्यालय में एक भी पार्क नहीं है, जबकि शहर के मध्य वार्ड संख्या-01 में गोपाल ब्रह्मस्थान की लगभग 5 एकड़ भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पार्क का निर्माण किया जा सकता है,यदि उपर्युक्त खण्डो का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार भूमि पर आधुनिक पार्क का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

*1074 **श्री प्रणव कुमार** (165) (**मुंगेर** ):

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि, क्या यह बात सही है कि, वर्ष 2024 में मुंगेर जिला के सदर अंचल के श्रीमतपुर पंचायत के लगभग 400 लोगों को बाढ़ राहत राशि दी गई है, जहाँ बाढ़ का पानी कभी नहीं आता है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नल-जल योजना चालू करना

*1075 **श्री शकील अहमद खाँ** (64) (**कदवा**):

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि: -1.क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के सागरथ तथा बलौन ग्राम पंचायत में नल का जल योजना से ग्रामीणों को जल की आपूर्ति सही ढंग से नहीं की जा रही है जिससे कि स्थानीय आबादी को स्वच्छ पेयजल के लिए काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो सरकार कब-तक उक्त दोनों ग्राम पंचायत में नियमित पेय जलापूर्ति का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## आवास का निर्माण

*1076 Smt. Pratima Kumari (127) (Raja Pakar ):

Urban Development & Housing क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत कंकड़बाग क्षेत्र के वार्ड नं० -45 में पुल के नीचे अतिक्रमित कर गरीब लोग झुग्गी-झोपड़ी में रहते है, जिसके कारण आने-जाने वाले लोगो को यातायात सुलभ नहीं होती है, और हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गरीबों को पुनर्वास हेतु सुरक्षित स्थल पर आवास का

निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पदस्थापित करना

***1077 श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय** (102) (**कुचायकोटे**):

**राजस्व एवं भूमि सुधार :-**

क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत 'सभी अंचलो में सृजित पद के अनुरुप अमीन पदस्थापित नही है; जिसके कारण भूमि से संबंधित विवादों का निपटारा करने में परेशानी हो रही है; यदि हाँ तो सरकार सभी अंचलो में सृजित पद के अनुरुप कब तक अमीन पदस्थापित करने का विचार रखती है, नही तो क्यो ?

----

## भुगतान कराना

*1078 Shri. Lalan Kumar (154) (Pirpainti ):

Animal & Fisheries Resource क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1 क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती और कहलगाँव प्रखंड में बहुत बड़े पैमाने पर पशुपालन का कार्य होता हैं, परन्तु पशुपालाकों द्वारा उत्पादित दूध के लिए केवल एक ही विक्रमशीला दुग्ध उत्पादक केन्द्र स्थापित है जहाँ पशुपालको द्वारा दुग्ध दिये जाने के उपरान्त 90 दिनों के बाद उनका भुगतान मनमाने तरीके से बाजार से कम मूल्य में किया जाता है जिसस पशुपालकों को काफी नुकसान होता है, यदि हाँ तो सरकार उक्त प्रखण्डों के पशुपालकों के हित में सरकारी मूल्य पर भुगतान कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों?

----

## नाला सह सड़क का निर्माण

*1079 Shri. Damodar Rawat (242) (Jhajha ):

Urban Development & Housing क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सम्पतचक नगर परिषद् क्षेत्र के गोपी कृष्णानगर (बोधाचक) मुहल्ला में बजरंगबली मंदिर के दक्षिण से रामाश्रय प्रसाद एवं विनोद प्रसाद के घर तक पक्की सड़क तथा नाली नहीं रहने के कारण यहाँ के निवासी को बरसात के मौसम में नारकीय जीवन व्यतीत करना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर नाला सहित पक्की सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है,

नहीं तो क्यों?

----

## रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था कराना

***1080 Shri. Gopal Ravidas (188) (Phulwari ):**

**Urban Development & Housing** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही हैं कि पटना नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र के सारे कब्रिस्तानों में दफ़न के बाद मृतक के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई हैं, जिससे डेथ सर्टिफकेट बनवाने की प्रक्रिया जल्द पूरी हो जाती है, परन्तु नगर परिषद में यह व्यवस्था लागू नहीं है; यदि हाँ तो सरकार कबतक नगर परिषद के दायरे में आने वाले कब्रिस्तानों में भी मृतकों की रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था कराने का विचार रखती हैं, नहीं तो क्यों ?

----

## कृषि महाविद्यालय की स्थापना

***1081 श्री राज कुमार सिंह (144) (मटिहानी ):**

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः- 1. क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के नावकोटी स्टेट, प्रखंड नावकोठी के अयोध्या प्रसाद सिंह द्वारा लगभग तीन हजार एकड़ भूमि, सार्वजनिक कार्य ,यथा मध्य एवं माध्यमिक विद्यालय,आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय ,कृषि महाविद्यालय एवं गरीब छात्र कल्याण कोष के निर्माण हेतु राज्य सरकार को दान में दिया गया है; 2. क्या यह बात सही है कि कृषि महाविद्यालय एवं गरीब छात्र कल्याण निधि को छोड़कर अन्य सभी संस्थाएं सरकारी क्षेत्र में संचालित हैं; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दान में दी गई जमीन पर एक कृषि महाविद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है; हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## निर्माण कार्य कराना

***1082 Shri. Manoj Kumar Yadav (16) (Kalyanpur):**

**Revenue & Land Reforms** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड कोरवा में राजस्व करहरी (कझिया) भवन की स्थिति अत्यन्त जर्जर हैं, जिसके निर्माण कार्य के लिए राजस्व विभागीय स्वीकृत्यादेश सं० -309(4)/रा० दिनांक-13.07.2022 के आलोक में 9,97,000/- (नौ लाख संतान्वे हजार रुपये) का बजट में प्रावधान किया गया था,

2. क्या यह बात सही है कि विभागीय स्तर से उक्त स्वीकृत राशि को समाहर्त्ता पूर्वी चम्पारण मोतिहारी को उपलब्ध नहीं होने के कारण उक्त राजस्व कचहरी का जीर्णोद्धार/ निर्माण कार्य अभी तक नहीं हो पाया है;
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त राशि को समाहर्त्ता पूर्वी चम्पारण मोतिहारी को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## नियुक्ति करना

*1083 **श्री अजीत शर्मा** (156) (**भागलपुर**):

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में अवस्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय,सबौर द्वारा विभिन्न गैर शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या 4/2023 निकाला गया था जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 19.05.2023 तक थी;2. क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त विज्ञापन के आलोक में अभी तक परीक्षा आयोजित नहीं की गई है फलस्वरूप उपर्युक्त विज्ञापन के विरुद्ध आवेदन करने वाले बहुत से आवेदकों की आयु सीमा समाप्त हो चुकी है;3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कब तक विज्ञापन संख्या 04/23 के आवेदकों की परीक्षा लेकर नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## रिपोर्ट उपलब्ध कराना

*1084 **श्री राम सिंह** (4) (**बगहा**):

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत नगर परिषद रामनगर द्वारा वितीय वर्ष 2023-24 में नारैनापुर रोड से अयोध्यानगर होते हुए सुखाड़ी ड्राइवर के घर तक पीसीसी सड़क एवं आर सी सी नाला का निर्माण कार्य कराया गया लेकिन पथ के मध्य भाग लगभग 150 फ़ीट पथ अतिक्रमण होने के कारण नही बनाया जा सका है, 2. क्या यह बात सही है कि कार्यपालक पदाधिकारी, रामनगर नगर परिषद, कार्यालय रामनगर द्वारा अपने पत्रांक-1200 दिनांक-02.11.2024 द्वारा उक्त अतिक्रमित पथ के भूखंड की मापी का अनुरोध विभाग से किया गया था, परन्तु तीन माह बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा संदर्भित स्थल के मापी का कार्य नही किया गया जिसके कारण उक्त सड़क का निर्माण कार्य नही हो पाया है |3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक उक्त स्थल का नापी कर अपना रिपोर्ट नगर परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराएगी, नही तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

***1085 श्री विजय कुमार (169) (शेखपुरा ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि शेखपुरा विधान सभा क्षेत्र के घाटकुसुम्भा प्रखंड के ग्राम जितवारपुर, चेवाड़ा प्रखंड के ग्राम अरारी एवं अरियरी प्रखंड के ग्राम बलरामबीघा में पानी की टंकी एवं पाईप क्षतिग्रस्त है एवं मोटर जल जाने के कारण ग्रामीणों को पेयजल का लाभ नहीं मिल रहा है; जबकि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा लगभग 12 पत्र (उदाहरण स्वरूप पत्रांक-150/2024, दिनांक-27.08.2024, पत्रांक-352/2024, दिनांक-22.10.2024, पत्रांक-296/2024, दिनांक-09.10.2024) कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा को देने बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ तो सरकार दोषी पदाधिकारी के विरूद्ध जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नल-जल योजना की सुविधा

***1086 श्रीमती मंजु अग्रवाल (226) (शेरघाटी):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः- 1. क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड-आमस के पंचायत-अकौना के वार्ड-05 टोला शिवसागर में नल-जल योजना के लाभ से ग्रामीण वंचित हैं जिसके कारण ग्रामीणों को सुदूरवर्ती स्थानों पर जाकर पानी पीने को मजबूर हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर नल-जल योजना को क्रियान्वित करने का विचार करती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

***1087 श्री मुकेश कुमार यादव (27) (बाजपट्टी):**

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि मधुमखी पालन योजना वर्ष 2011 से राज्य के सभी जिलों में चलाया जा रहा है जिसमें मधुमखी पालक सामान्य किसान को 75 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति को 90 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है;

2. क्या यह बात सही है कि राज्य के सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर सहित सभी जिलों में किसानों के बीच बॉक्स वितरण करने वाले कम्पनी द्वारा पदाधिकारियों से मिलीभगत कर कागज पर ही बॉक्स वितरण किया जाता है एवं एक ही बॉक्स को स्थान बदलकर किसानों का फोटो खिचा जाता है, परन्तु सतह पर दर्शाये गये संख्या के अनुसार किसानों को बॉक्स उपलब्ध नहीं कराया जाता है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार इसकी जॉच कराकर दोषी

पदाधिकारी एवं एजेंसी के विरूद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों ?

----

## मछुआ समिति का चुनाव

*1088 **श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता** (20) (**चिरैया**):

**पशु एवं मत्स्य संसाधन** क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि राज्य में मत्स्य पालकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने एवं मत्स्य जीवी का कार्य सुदृढ़ करने हेतु मछुआ समिति का चुनाव कराया जाता हैं; 2.क्या यह बात सही हैं कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत पताही प्रखंड में विगत 15 वर्षो से मछुआ समिति का चुनाव नहीं कराया गया है; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उक्त प्रखंड में कब तक चुनाव प्रकिया को सम्पन्न कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## के0सी0सी0 ऋण का वितरण

*1089 **श्रीमती शालिनी मिश्रा** (15) (**केसरिया**):

**कृषि** स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 11 जनवरी, 2025 को प्रकाशित शीर्षक ‘‘सिर्फ 2.82 प्रतिशत किसानों को के0सी0सी0 ऋण मिला’’ को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15 लाख 54 हजार 580 किसानों को के0सी0सी0 ऋण देने का लक्ष्य रखा गया था परन्तु अब तक मात्र 43902 किसानों का के0सी0सी0 कार्ड ही बन पाया है ;

2. क्या यह बात सही है कि 2024-25 में 23199.88 करोड़ के0सी0सी0 ऋण बांटने का लक्ष्य था, जिसके विरुद्ध 502.55 करोड़ रूपये ही के0सी0सी0 ऋण किसानों को दिया गया ;

3. क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार के समर्थ योजना के तहत किसानों को ऑनलाईन के0सी0सी0 और अन्य ऋण देने की योजना है, जिसे बैंकों द्वारा अब तक लागू नहीं किया गया है ;

4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो लक्ष्य के अनुरूप किसानों को के0सी0सी0 ऋण नहीं दिये जाने का क्या औचित्य है ?

----

## आर्सेनिक से मुक्त करना

*1090 **श्री समीर कुमार महासेठ** (36) (**मधुबनी**):

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर, मधुबनी सहित 21 जिलों में किये गये शोध के अनुसार राज्य में पानी के अतिरिक्त धान, गेहूं और आलू में भी आर्सेनिक मिल रहा है, जो

कैंसर के कारणों में से एक है, यदि हां तो सरकार धान, गेहूं, और आलू की पैदावार में आ रहे आर्सेनिक को दूर करने के लिए कौन सा कदम कब तक उठाने का विचार रखती है ?

----

## पानी निकासी करना

*1091 **श्रीमती रेखा देवी** (189) (**मसौढ़ी** ):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी नगर परिषद के पुरानी बाजार से संगतपर मुसहरी, गंगाचक मलिकाना, यमुना स्मारक उच्च वि0, श्री कृष्णपुरी होते हुए एस.पी.एम. रोड से आगे गुरूबलचक तक पैइन का अतिक्रमण हो जाने से पूरा नगर परिषद मसौढ़ी का इलाका जलमग्न रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पैइन के पानी का निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क निर्माण कराना

*1092 **श्री मिथिलेश कुमार** (28) (**सीतामढ़ी**):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलामुख्याल नगर निगम क्षेत्र के सम्पूर्ण रिंग बांध की सड़क एवं बाइपास सड़क जो पासवान चौक से अम्बेदकर चौक तक जाती है, जीर्णशीर्ण अवस्था में रहने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है,यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़को का नवनिर्माण कराने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों ?

----

## नाला एवं सड़क निर्माण करना

*1093 **श्री राकेश कुमार रौशन** (174) (**इस्लामपुर, नालन्दा** ):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर नगर परिषद क्षेत्र के काली मंदीर नदी के पास से भारत माता तलाब तक एवं तीन और सहित कुल चार नाला सह पी0सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य का प्राक्कलन तैयार कर अधीक्षण अभियंता (असैनिक) नगर विकास अंचल-02, पटना ने अपने पत्रांक-758 दिनांक-19.09.2024 द्वारा मुख्य अभियंता, आधारभूत संरचना एवं परिवहन, दक्षिण, बिहार उपभाग पटना को तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने के लिए भेजा है; यदि हाँ तो सरकार उक्त योजनाओं की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर कबतक नाला सह सड़क बनवाना

चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## रोक लगाना

*1094 Shri. Akhtarul Iman (56) (Amour):

**Revenue & Land Reforms** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत प्रखंड बैसा के मौजा-चन्देल अन्तर्गत खाता नं०-66, खेसरा नं०-443 वर्ष 1952 के सर्वे में गलती से बिहार सरकार गैर मजरूआ में दर्ज हो गया था, जो रैयत को केवाला से प्राप्त थान तथा एस०ओ० पूर्णियां ने वर्ष 1959 में पुनः सुधार करते हुए खाता नं0-66, खेसरा-443 को अपने औडर सीट में रैयतो को लौटा दिया एवं रैयत उक्त खाता एवं खेसरा के जमीन का रसीद भी काटते आ रहे है,
2. क्या यह बात सही है कि अंचल अधिकारी, बैसा द्वारा उक्त भूमि का एल० पी०सी० (लैंड पोजीशन सर्टिफिकेट) दिनांक-31.01.2025 को निर्गत किया गया है, जिसपर पंचायत सरकार भवन का निर्माण किया जा रहा है,3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार रैयतो के निजी भूमि पर पंचायत भवन का निर्माण कार्य रोकने का विचार रखती है, नही तो क्यों ?

----

## अपार्टमेंट का निर्माण

*1095 **श्री राजेश कुमार गुप्ता** (208) (**सासाराम** ):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि पटना जिला के मेन गोला रोड में निर्माणाधीन मुन हाई फ्लोरियन भेली प्राइवेटलिमिटेड अपार्टमेंट का रेरा न0-बी.आर.ई.आर.ए.पी.00185/ 101/आर0-82/2018 है,2.क्या यह बात सहीं है कि उक्त अपार्टमेंट का निर्माण पूर्ण कराये बगैर सभी फ्लैटियरो से पूरी राशि की वसूली कर ली गयी है,
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराते हुये उक्त अपार्टमेंट का निर्माण कार्य रेरा द्वारा पूर्ण कराने का विचार रखती है,नही तो क्यों?

----

## पैक्स गोदाम बनाना

*1096 Shri. Ranvijay Sahu (135) (Morwa ):

**Co-operative** क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा राज्य के सभी पंचायतों के पैक्सो में किसानों के

सुविधा के लिए भंडारण हेतु पैक्स गोदाम बनाना है,
2. क्या यह बात सहीं है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पटोरी के शाहपुर उंडी ताजपुर प्रखंड के रहीमाबाद में रजवा पैक्स सहित अन्य पैक्सों में गोदाम को निर्माण नहीं होने से किसान पैक्स भंडारण की सुविधा से वंचित है,
3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार मोरवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी पैक्सो में गोदाम का निर्माण कराने का विचार रखती है। हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## पशु गणना कराना

*1097 Shri. Vijay Kumar Khemka (62) (Purnia):

**Animal & Fisheries Resource** स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 21.01.2025 को प्रकाशित शीर्षक "राज्य भर में अब तक सिर्फ 1 प्रतिशत घरों में हुई पशुओं की गणना" के आलोक में क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि पूर्णिया सहित राज्य भर में 21वीं पशु गणना के तहत 20691030 हाउसहोल्ड में पशुओं की गणना की जानी है, पशुपालन निदेशालय के अनुसार अभी तक 161835 घरों में ही पशुओं की गणना हो सकी है एवं पशु गणना के लिए राज्य भर के 6885 प्रगणकों का चयन किया गया है, लेकिन 3265 प्रगणक ही कार्य कर रहे हैं; यदि हाँ तो सरकार पशु गणना के लिए चयनित सभी प्रगणकों से पशु गणना कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नया भवन बनाना

*1098 **श्री राजेश कुमार (222) (कुटुम्बा ):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन** क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के टंडवा एवं डुमरी का पशु अस्पताल जर्जर भवन में चल रहा है, यदि हाँ,तो सरकार उक्त पशु अस्पताल का नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## यूरिया की आपूर्ति करना

*1099 **श्रीमती कविता देवी (69) (कोरहा):**

**सहकारिता** क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा एवं फलका प्रखंड में यूरिया की किल्लत होने के कारण किसानों में आक्रोश है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराते हुए उक्त दोनों प्रखण्डों में यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं

तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

*1100 **श्री मुरारी मोहन झा (86) (केवटी):**

**सहकारिता** स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 7 जनवरी 2025 को प्रकाशित शीर्षक "मतदाता सूची में गड़बड़ी करने वाले 100 पैक्स अध्यक्ष नपेंगे" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि पैक्स चुनाव 2024 में अध्यक्षों, प्रबंध समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के द्वारा राज्य में ऐसे 103 पैक्स चुनाव की मतदाता सूची में गड़बड़ी करने के कारण चुनाव आयोग के द्वारा चुनाव को स्थगित कर दिया गया है;
2.क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला में भी अध्यक्ष, प्रबंध समिति के सदस्य एवं पदाधिकारियों के मिलीभगत से पिछली मतदाता सूची से नाम गायब कर नए को जोड़ना, जीवित को मृत घोषेति करना एवं पूर्ण को सह सदस्य बना देना जैसी कई तरह की गड़बड़ी किया गया है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उन सहकारी समितियों एवं पदाधिकारियों के खिलाफ ठोस करवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

*1101 **Shri. Ajay Kumar (138) (Bibhutipur):**

**Revenue & Land Reforms** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के छातापुर अंचल अंतर्गत केवाला दस्तावेज सं०-3909, 1950 ई० द्वारा भूटाय महतो वगैर के नाम से है, जिसका दाखिल खारिज केस नं०-05/1967/68/जमाबंदी सं०-278, मौजा-मटिहानी, थाना नं०-86 है एवं खाता सं०-62, खेसरा सं०-296, 287, 285 है, जिसका मालगुजारी रसीद वर्ष-2022-2023 तक जमा है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन को गोपाल सिंह वगैरह ने तत्कालीन अंचलाधिकारी एवं कर्मचारियों से मिलीभगत कर दाखिल-खारिज करा लिया है,जिसका केवाला संख्या-3918/1968 एवं 3913/1968 है,जो फर्जी है एवं उक्त मौजा एवं अचंल का नही हैं; 3. क्या यह बात सही है कि उक्त संबंध में आवेदक श्री गोविन्द मेहता द्वारा दिनांक-15.0्6.2024 को जिला पदाधिकारी, सुपौल एवं दिनांक-16..07.2024 को ऑनलाइन विभागीय मंत्री को आवेदन भी दिया गया है, जिस पर अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है; 4.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मामले की जाँच कर दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## पेयजल आपूर्ति करना

*1102 Shri. Arun Singh (213) (Karakat ):

Public Health & Engineering क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत 213, काराकाट विधान सभा के प्रखण्ड-काराकाट, पंचायत-देव, ग्राम-देवमार्कण्डेय, वार्ड न०-02 में हर घर नल से जल की आपूर्ति बंद है; यदि हाँ,तो सरकार उक्त वार्ड के लाभुको को हर घर नल से जल योजना अंतर्गत शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नही तो क्यों ?

----

## पानी टंकी का निर्माण

*1103 Shri. Achmit Rishidev (47) (Raniganj, Araria):

Public Health & Engineering क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-1. क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत खरसाही के वार्ड नं0 -17 भिट्ठा टोला में 30 घर, वार्ड नं0-11 में दुखनी टोला में 50 महादलित परिवारों के घर तथा गोस्वामी टोला में 30 घर लच्छा नदी के पार रहने और टोला अधिक दूरी तक बसे रहने के कारण लोगों के घरों में पानी का पाईप लाइन नहीं बिछाया गया है साथ ही वहाँ पानी टंकी की भी आवश्यकता है, यदि हाँ तो सरकार उल्लिखित वार्ड में 'हर घर नल का जल' योजना का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक सुनिश्चित करने के लिए नया पाईप लाइन बिछाने और अतिरिक्त पानी टंकी का निर्माण करने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

----

## उसना चावल उपलब्ध कराना

*1104 Shri. Niranjan Kumar Mehta (71) (Bihariganj ):

Food & Consumer Protection क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि राज्य में उपभोगताओं को जनवितरण प्रणाली के दुकान से उसना चावल देने का प्रावधान है, परन्तु मधेपुरा जिला के बिहारीगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बिहारीगंज प्रखंड के मोहनपुर पंचायत में जनवितरण प्रणाली की दुकान से महादलित टोला के उपभोग्ताओं को जनवरी एवं फरवरी माह 2025 में अरवा चावल की आपूर्ति की गयी है, यदि हां तो सरकार इसकी जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुए उक्त टोला के उपभोग्ताओं को उसना चावल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करना

*1105 **श्री मनोहर प्रसाद सिंह** (67) (**मनिहारी**):

**पशु एवं मत्स्य संसाधन** क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत मनिहारी विधान सभा क्षेत्र गंगा नदी, कोसी नदी और महानन्दा नदी बहती है तथा उक्त नदी से लोगों द्वारा मछली पकड़ने का काम बड़े पैमाने पर किया जाता है ,यदि हाँ, तो सरकार मनिहारी में मत्स्य पालन प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## शौचालय का निर्माण

*1106 **श्री रामप्रवेश राय** (100) (**बरौली** ):

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत मांझा, बरौली, सरफरा, धर्मपरसा, कहला-विशुनपुरा, बढेयामोड, मिर्जापुर, विशुनुपरा, मोगल-बिरैचा, कबिलासपुर, कोइनी, बंगरा, माधोपुर, नौतन, नकरो भवानी मुख्य बजार में एक भी सार्वजनिक शुद्ध पेयजल केन्द्र एवं सार्वजनिक शौचालय का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर शुद्ध पेयजल केन्द्र एवं शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों?

----

## नाला का निर्माण कराना

*1107 Shri. Krishna Kumar Rishi (59) (Banmankhi):

**Urban Development & Housing** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के नगर पंचायत जानकीनगर में जल निकासी हेतु मुख्य नाला नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में जलजमाव के कारण संक्रमण फैलने का खतरा तथा यातायात की समस्या उत्पन्न हो जाती है, यदि हाँ तो सरकार कबतक नगर पंचायत जानकीनगर में जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने हेतु मुख्य नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई करना

*1108 **श्री प्रेम शंकर प्रसाद** (99) (**बैकुंठपुर**):

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री,लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की

कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के मढ़ौरा प्रखंड अन्तर्गत सलीमापुर पंचायत के ग्राम-सलीमापुर में लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत बनने वाले शौचालय में ब्लॉक कोर्डिनेटर द्वारा बिना शौचालय निर्माण कराए हुए ही 55 लोगों के नाम पर राशि निकाल ली गई हैं;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में मुखिया द्वारा दिनांक-02.12.2024 एवं दिनांक-12.12.2024 को जिला पदाधिकारी, छपरा एवं निगरानी विभाग, पटना में ब्लॉक कोर्डिनेटर के विरूद्ध आवेदन दिया है जिसपर अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुआ है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इसकी उच्च स्तरीय जाँच कराते हुए ब्लॉक कोर्डिनेटर को पदमुक्त करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## मालिकाना हक देना

***1109 Shri. Maha Nand Singh (214) (Arwal):**

**Revenue & Land Reforms** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने का कृपा करेंगे कि - 1. क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के बेलदौर अंचल के तेलिहार गाँव किसानों की जमीन 1947 से पहले से कब्जा में है, जिसे जमींदारों ने बदोबस्ती, कबूलनामा या केवाला से जमीन दिया है, 2. क्या यह बात सही है कि बेलदौर अंचल के तेलिहार गाँव के किसानों के खाता – 04, प्लॉट -377, खाता- 83, प्लॉट -502, 503, 371 की जमीनों का विवरण अंचल के रजिस्टर -2 में दर्ज है तथा 2016-2017 तक रसीद कटने के बावजूद उक्त जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लगा दी गई है , 3..यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार दशकों से जमीन पर काबिज किसानों के अंचल रजिस्टर-2 में दर्ज जमीन पर मालिकाना हक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## नगर पंचायत का दर्जा दिलाना

***1110 श्रीमती मनोरमा देवी (232) (बेलागंज ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही हे कि गया जिला अंतर्गत बेलागंज विधनसभा क्षेत्रा में बेलागंज बाजार/पंचायत की आबादी लगभग 22000 है एवं इसका क्षेत्रफल 6 किलोमीटर में फैला हुआ है, जो नगर पंचायत बनाने का अर्हताओ को पूरा करता है, यदि हाँ, तो कब तक उक्त पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने का विचार रखती है,तो नहीं तो क्यों?

----

## मरम्मति कराना

*1111 Shri. Shyambabu Prasad Yadav (17) (Pipra, Purvi Champaran):

Urban Development & Housing क्या माननीय मंत्री, नगर एवं आवास विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत आर ब्लौक स्थित रोड नं०- 02 से रोड नं० - 01 होते हुए मेन रोड पश्चिम की ओर क्वार्टर नं०- सी/04, सी/5, सी/6, सी/7, सी/8, सी/09, सी/10, सी/11, सी/12, सी/13, सी/14, सी/15, सी/16, सी/17 एवं सी/18 तक जाने वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर अवस्था में रहने के कारण बरसात के समय सड़क पर पानी लगा रहता है, जिसके कारण आवासितो को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है; यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़क को कबतक मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

*1112 Shri. Suryakant Paswan (147) (Bakhri ):

Animal & Fisheries Resource क्या मंत्री, पशु मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1 क्या यह बात सही है कि देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, बसैनी डेयरी में सामानों की खरीद में लगभग रू 38,73,36,659/-(अड़तीस करोड़ तिहत्तर लाख छत्तीस हजार छः सौ उनसठ) रूपये के व्यय की स्वीकृत निदेशक मंडल से नही ली गयी है,
2. क्या यह बात सही है कि सामानों की खरीद करने वाले एजेंसी को बिना निदेशक मंडल की स्वीकृति 15,00,00,000/- (पन्द्रह करोड़) रूपये की राशि अग्रिम दे दी गई है तथा विभिन्न मदों के बेचे गये सामान का 1,54,00,00,000/- (एक अरब चौबन करोड़) रुपये लागत मूल्य के उधार दे दिए गए है,
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## वासगीत पर्चा देना

*1113 Dr. Sanjeev Kumar (151) (Parbatta):

Revenue & Land Reforms क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1. क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सौढ उत्तरी पंचायत के सतीश नगर में कटाव पीड़ित 54 परिवार जो कि

एनएच 31और रेलवे के बीच बांध पर साथ ही राजपूत टोला नयागांव में बसे है, परन्तु भूमिहीन परिवारों को जमीन का वासगीत पर्चा नहीं मिलने से उन्हें गुजर बसर करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे इन्हें कोई सरकारी लाभ भी नही मिल पा रहा है; यदि हाँ तो सरकार कबतक इन कटाव से पीड़ित परिवारों के बीच वासगीत पर्चा वितरण का विचार रखती है , नही, तो क्यों ?

----

## जमीन उपलब्ध कराना

*1114 Shri. Janak Singh (116) (Taraiya ):

**Revenue & Land Reforms** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सूधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत पानापुर प्रखंड के भगवानपुर, कोंध, रामपुर रूद्र, भोरहां, बसहिया, सलेमपुर, पृथ्वीपुर, वृत भागवानपुर में सैकड़ों परिवार गंडक नदी के कटाव के कारण विस्थापित हो गये है, तथा 10 वर्षों से अधिक समय से जमीन के अभाव में विस्थापित होकर गंडक के सारण तटबंध पर अस्थायी रूप से तंबू गाड़ कर रह रहे हैं जिससे उन्हें काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ तो सरकार सर्वे कराकर विस्थापित परिवारों को वास का जमीन कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## पी०सी०सी० पथ बनाना

*1115 **श्री कुमार सर्वजीत** (229) (**बोधगया** ):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत फतेहपुर नगर पंचायत के वार्ड न0-11 में घोड़िया टांड रिभर साईड पथ से महादलित टोला तक सड़क जर्जर होने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है; यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त पथ के पी०सी०सी० कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पेयजल पहुंचाना

*1116 **श्री पवन कुमार यादव** (155) (**कहलगांव** ):

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड के भूड़िया महियामा पंचायत अंतर्गत ग्राम करहरिया के लगभग 100 घरों में एवं अमडीहा पंचायत के वार्ड नंबर 9 अंतर्गत ग्राम देवकुंडा में लगभग 100 घरों में नल का जल नहीं

पहुंचता है, जिससे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "हर घर नल जल" का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार पेयजल से वंचित उक्त इलाके के घरों तक पेयजल पहुंचाने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## जीर्णोद्धार कराना

*1117 **Shri. Kumar Krishna Mohan urf Suday Yadav (216) (Jehanabad):**

**Urban Development & Housing** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला मुख्यालय नगर परिषद क्षेत्र में महिला थाना से मल्लहचक, फिदा हुसैन होते हुए पशु अस्पताल तक, एन० एच० -33 से दक्षिणी, दौलतपुर, शिवाजी पथ एवं सट्टी मोड़ से जफरगंज तक की सड़को का निर्माण वर्ष 2005 से पूर्व हुआ था,जो रख-रखाव के आभाव में जर्जर हो चुकी है; यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त सड़को का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई करना

*1118 **श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (194) (आरा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन** स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 28.12.2024 का प्रकाशित शीषर्क "दुधारू विदेशी प्रजाति के पशुओं में बांझपन की समस्या बनती जा रही नासूर" के आलोक में क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-1. क्या यह बात सही है कि राज्य में दूध देने वाले अच्छे नस्ल के पशुओं में बांझपन की समस्या तेजी से फैल रही है ;2. क्या यह बात सही है कि हरा चारा, भूसा एवं पोषक आहार में अधिक रासायनिक खाद का प्रयोग के करण दुधारू पशुओं में बांझपन की समस्या उत्पन्न हो रही है एवं किसानों को आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा है;3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार दुधारू पशुओं में बांझपन की समस्या रोकने हेतु अविलम्ब कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## दुग्ध उत्पादन केंद्र की स्थापना

*1119 **डॉ. निक्की हेम्ब्रम (162) (कटोरिया):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन** क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि:- 1. बांका जिले के कटोरिया एवं बौंसी प्रखंड में दुग्ध उत्पादन केंद्र स्थापित नहीं होने के कारण पशुपालकों को कम मूल्य पर दूध को बेचना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कटोरिया एवं बौंसी प्रखंड में पशुपालक किसानो के लिए दुग्ध उत्पादन केंद्र की स्थापना कर सरकारी दर पर पशुपालन से दूध खरीदने निर्धारित करने का विचार

रखती है,नहीं, तो क्यों?

----

## नाला का निर्माण कराना

*1120 **श्री राम विशुन सिंह** (197) (**जगदीशपुर** ):

**नगर विकास एवं आवास** स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-29.01.2025 को प्रकाशित शीर्षक ‘‘नवरतपुर-चक्रदाहा की मुख्य सड़क, जर्जर, नाला भी अधूरा बनाकर छोड़ा’’ को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर नगर परिषद क्षेत्र के नवरतनपुर-चक्रदाहा की मुख्य सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर है एवं नाला भी अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया है, जिसके करण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है साथ ही नाला का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण खाली जमीन पर नाले के पानी का बहाव होने से भूस्वामी एवं आवासितो में प्रतिदिन विवाद होता है;
2. यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक, उक्त सड़क का जीर्णोद्धार एवं नाला का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई करना

*1121 **श्री प्रणव कुमार** (165) (**मुंगेर** ):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला मुख्यालय नगर निगम क्षेत्र में कलपतरू कंपनी के द्वारा हर घर नल का जल योजना के तहत सभी घरों तक पानी का कनेक्शन किए बगैर ही काम समाप्त कर दिया गया है , साथ ही एक ही घरों से तीन-चार भाई का आधार कार्ड लेकर अपना डाटा पूरा गया है , यदि हाँ,तो सरकार कबतक इसकी जाँच करते हुये दोषी कंपनी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों नही?

----

## उचित रख-रखाव की व्यवस्था

*1122 **श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय** (102) (**कुचायकोटे**):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-1.क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मीरगंज नगर परिषद क्षेत्र में निर्मित शौचालय नियमित देख-रेख एंव रख-रखाव के आभाव में जीर्ण-शीर्ण हो गया है, यदि हाँ, तों सरकार कबतक उक्त शौचालयों का नियमित देख -रेख एवं रख-रखाव की व्यवस्था करने का विचार रखती है,नही तो क्यों ?

----

## कोल्ड स्टोरेज का निर्माण

*1123 **Shri. Lalan Kumar (154) (Pirpainti ):**

**Co-operative** क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड में सब्जी के पूर्ति संग्रहण हेतु एक भी कोल्ड स्टोरेज नहीं है, जिस कारण कृषक अपने सब्जी भंडारण हेतु दूसरे कोल्ड स्टोरेज में दूरी के कारण जाने में असमर्थ हो जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार पीरपैंती प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बाराहाट में कबतक कोल्ड स्टोरेज का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भूमि उपलब्ध कराना

*1124 **Shri. Gopal Ravidas (188) (Phulwari ):**

**Revenue & Land Reforms** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत दरियापुर, सिमरा परसा बजार, सकरेचा (फुलवारीशरीफ) एवं खेड़ा टाली (संपतचक) नहर की (कैशरहिन्द) जमीन के चार्ट में महादलित समुदाय के लोग लगभग 50 वर्षों से बसे हैं
2. क्या यह बात सही हैं कि उक्त जमीन पर बसे सभी महादलित नट, बख्खों, गुलगुलिया, रविदास और पासवान जाति समूह के भूमिहीन हैं, जिसे स्थानीय अंचलाधिकारी द्वारा उक्त स्थान से हटाने का नोटिस दिया गया हैं,
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जल्द से जल्द रैन-बसेरा के तहत उक्त स्थान पर बसे परिवारों का सर्वे करके 3-3 डिसमिल जमीन देने का विचार रखती हैं, हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## वैकल्पिक व्यवस्था करना

*1125 **श्री अजीत शर्मा (156) (भागलपुर ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि राज्य में कचरा से बिजली बनाये जाने का काम प्रगति पर है ;
2. क्या यह बात सही है कि दिल्ली में कचरा से बिजली बनाये जाने के मामले का अध्ययन के बाद यह निष्कर्ष सामने आया है कि कचरा से बिजली बनाने के क्रम में हवा में मानक स्तर से कैडमियम 19 गुना ज्यादा, मैंगनीज 11 गुना ज्यादा, आर्सेनिक 10 गुना ज्यादा, लेड 4 गुना ज्यादा, कोबाल्ट 3 गुना ज्यादा, हो जाता है, जिसके कारण सांस की तकलीफ, अस्थमा, कैंसर और त्वचा संबंधी बीमारियां होती हैं;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में कचरा से

बिजली बनाये जाने की परियोजना पर पुनर्विचार करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क एवं नाला का निर्माण

*1126 **श्री राम सिंह** (4) (**बगहा**):

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अन्तर्ग रामनगर नगर परिषद में मेन रोड नारानापुर से अयोध्यानगर होते हुए सुखाड़ी ड्राइवर के घर तक पी सी सी सड़क एवं नाला का निर्माण कराया गया है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के बिलकुल मध्य भाग में सड़क एवं नाला का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है ; 3. यदि उपर्युक्त खण्डों क उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक, उक्त स्थल के मध्य भाग में सड़क एवं नाला का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है नही तो क्यों ?

----

## नल-जल की समस्या से निजात

*1127 **श्री विजय कुमार** (169) (**शेखपुरा** ):

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि:- 1. क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत चेवाड़ा प्रखंड के लोहान पंचायत के ग्राम भुसड़ी में विगत डेढ़ वर्षों से तथा सियानी पंचायत के ग्राम कुरमुरी में भी नल-जल योजना बाधित है,जबकि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा अपने पत्रांक-352/2024, दिनांक-22.10.2024 एवं पत्रांक-391/2024, दिनांक-30.10.2024 द्वारा वर्णित स्थानों पर कार्य कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा को पत्र देने के बावजूद भी अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है; यदि हाँ,तो सरकार वर्णित स्थानों पर शीघ्र नल-जल की समस्या से निजात दिलाने का विचार रखती है,नहीं, तो क्यों ?

----